# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना-800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, 2215089, बेवसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पटना/ दिनांक 24/09/2019

## अधिसूचना

संख्या-नि॰प्रा॰/ नि0 5-01/2017 खण्ड-XXVII 1518 चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा तत्काल **झंझारपुर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।**

अतः बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-1** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार झंझारपुर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 25.10.2019 (शुक्रवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने पत्र संख्या-1329 दिनांक 27.08.2019 से उक्त मत्स्यजीवी सहयोग समिति की मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ तिथि 31.07.2019 निर्धारित की गयी है एवं तदनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 18.09.2019 को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जा चुका है ।

सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या 4338 दिनांक 26.05.2017 एवं प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 407 दिनांक 27.05.2017 के तहत प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति में अध्यक्ष/सचिव के पद को छोड़कर कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम किंतु 50 प्रतिशत से किसी परिस्थिति में अधिक नहीं पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। दूसरे शब्दों में मत्स्यजीवी सहयोग समिति में प्रबंधकारिणी समिति के ग्यारह सदस्यों के पद में से पॉच पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। महिला सदस्य नहीं रहने के स्थिति में ये पद रिक्त रहेंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए **प्रपत्र-ई॰ 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 27.09.2019 (शुक्रवार)** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 3** में विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं

तिथियों को फैक्स **(0612-2231562, 2215089)** अथवा ई-मेल-**bseapatna@gmail.com** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

(गिरीश शंकर)
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1518 पटना/ दिनांक 24/09/2019

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1518 पटना/ दिनांक 24/09/2019

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित नोडल पदाधिकारी/ संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1518 पटना/ दिनांक 24/09/2019

प्रतिलिपि : संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित समिति की उपविधि दिनांक 26.09.2019 (गुरूवार) तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध करा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियां के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना अपने स्तर से भी संबंधित समिति को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1518 पटना/ दिनांक 24/09/2019

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1518 पटना/ दिनांक 24/09/2019

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

24/9/19

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1518 पटना/ दिनांक 24/09/2019

प्रतिलिपि: श्री मुकेश कुमार ठाकुर, अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1518 पटना/ दिनांक 24/09/2019

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना का कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

# झंझारपुर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति का निर्वाचन कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई॰ 1 में सूचना का प्रकाशन | 27.09.2019 (शुक्रवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 12.10.2019 (शनिवार) एवं 14.10.2019 (सोमवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 15.10.2019 (मंगलवार) एवं 16.10.2019 (बुधवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 18.10.2019 (शुक्रवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 25.10.2019 (शुक्रवार)<br>7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 25.10.2019 (शुक्रवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |